सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 358 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शनिवार, 29 जून, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE
COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS | FIT INDIA SCHOOL | TOP 500 | ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन 5 महीने बाद जेल से जमानत पर निकले

**घर पहुंचने पर मां ने लगाया तिलक और उतारी आरती, हेमंत सोरेन का ऐसे हुआ स्वागत**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची : बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर निकलते ही सबसे पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेने मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास में पहुंचे। झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से करीब पांच महीने बाद बाहर निकलते ही सबसे पहले माता-पिता का




आशीर्वाद लेने मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास में पहुंचे। जहां घर पहुंचते ही मां रूपी सोरेन ने तिलक लगाकर और आरती उतार कर हेमंत सोरेन का स्वागत किया।

## घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, चंपई कैबिनेट में इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची : चंपई सोरेन सरकार ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली की जगह पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की मंजूरी दी है. इसका फायदा 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा. इसकी वजह से हर महीने वित्तीय बोझ 21.7 करोड़ रुपये आयेगा. सीएम चंपई सोरेने ने कहा कि मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी. इसके आलावा झारखंड कैबिनेट की बैठक में 28 जून को 40 प्रस्ताव पर मुहर लगी है. झारखंड कैबिनेट की बैठक में सहजानंद से जज कॉलोनी तक लगभग 3 किलोमीटर की फोर लाने एलिवेटर रोड निर्माण के लिए 430.75 करोड़ की



स्वीकृति मिली. लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग परिसर में हाई सिक्योरिटी जेल निर्माण के लिए 97 करोड़ 73 लाख की स्वीकृति. स्पेशल कंपनसेशन स्कीम के तहत मुठभेड़ के दौरान झारखंड के सभी पुलिस के कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद होने के पर 60 लाख रुपए और जखमी होने के दौरान इलाज का संपूर्ण खर्च और एयर एंबुलेंस का खर्च उठाया जाएगा.






# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने समाहरणालय सभागार में किया बैठक

**सफाई कर्मियों, धनबाद नगर निगम, चिरकुंडा नगर परिषद एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिया जरूरी दिशा – निर्देश**

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने बैठक किया। इस दौरान नगर निगम धनबाद, नगर परिषद चिरकुंडा, आईआईटी, आईएसएम, सिंफर अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कार्यरत सफाई कर्मियों – बाह्यश्रोत के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के मिलने वाले प्रतिदिन मानदेय, मासिक मानदेय, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शहरी स्थानीय निकायों ने कहा कि लगभग सभी कर्मचारियों को ईपीएफ एवं ईएसआइसी की सेवा उपलब्ध है।

बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याओं के लिए गठित कोषांग के पदाधिकारी/सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने की बात कहीं। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों को सभी कर्मचारियों को शतप्रतिशत कर्मियों को ईपीएफ (यूएएन) नंबर, ईएसआइसी कार्ड बनाने/उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, सफाई कर्मियों को पोशाक (यूनिफार्म), साबुन एवं विंटर ड्रेस भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने शहरी स्थानीय निकायों को कार्यरत सभी सफाई कर्मियों के लिए ग्रुप बीमा कराने का निर्देश दिया। इसे एक माह में सुनिश्चित करते हुए आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए अपनी समस्याओं को निःसंकोच रूप से रखने की बात कहीं, जिससे उनका निराकरण त्वरित गति से किया जा सके। आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों को अपने कार्यालय का नंबर 01124648924 दिया, किसी तरह की बात रखने के लिए दूरभाष पर संपर्क करने को कहा। उन्होंने विभिन्न सफाई कर्मियों के संघ प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुना और समाधान के दिशा में कार्य के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार सफाई कर्मियों को नियमानुसार सुविधाएं एवं मानदेय/भत्ता दिलवाने की बात कहीं। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, सहायक श्रायुक्त रंजीत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल को अखिल भारतीय मारवाड़ी वैश्य महासम्मेलन का राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर जी ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल जी को अखिल भारतीय मारवाड़ी वैश्य महासम्मेलन का राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया है उनके इस मनोनयन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रमंडलीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल ने बधाई दी है साथ ही उन्होंने कहा कि बसंत मित्तल जी सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अनेक पदों पर रहकर समाज को आगे बढ़ने का काम किए हैं उनके मनोनयन से निश्चित रूप से वैश्य समाज को मजबूती मिलेगी।

## सदन में आपातकाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव का विरोध शर्मनाकः विधायक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबादः धनबाद विधायक राज सिन्हा ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने अपातकाल पर कहा कि वर्ष 1975 में कांग्रेस पार्टी ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए देश में आपातकाल लागू किया। तब के राष्ट्रपति से जबरन आदेश पर हस्ताक्षर कराया गया। कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर देश में लोकतंत्र की हत्या की थी। विधायक राज सिन्हा ने आगे कहा की आपातकाल के खिलाफ लोकसभा में लाए गए निंदा प्रस्ताव का विपक्ष द्वारा विरोध को शर्मनाक बताया है। कहा कि विरोध से स्पष्ट हुआ कि विपक्ष खास कर कांग्रेस पार्टी के नेता देश में आपातकाल लगाने को सही मानते है। विरोध करने वालों में इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य कई दल भी हैं।

## स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी, महाप्रबंधक से मिला प्रतिनिधि मंडल

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबादः युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के सदस्यों ने अध्यक्ष दिलीप सिंह के नेतृत्व मे धनबाद विद्युत् महाप्रबंधक को स्मार्ट मीटर के लगने के बाद हो रही गड़बड़ी को लेकर ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि स्मार्ट मीटर से आम उपभोक्ता ओवर बिलिंग से परेशान हैं। दिलीप सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब लगभग दुगुना बिजली बिल आ रहा है। इसकी जांच तकनिकी विशेषज्ञयों से करवा कर त्रुटि दूर करवानी चाहिए। आम जनता में ओवर बिलिंग को लेकर आक्रोश है। अगर आम उपभोक्ताओं को इससे राहत नही मिली तो युवा संघर्ष मोर्चा जनांदोलन करेगा. प्रथम चरण में महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जाएगा.

# धनबाद के मेमको मोड़ चौक पर लगाया गया विशेष वाहन चेकिंग अभियान

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : मेमको मोड़ चौक, झारखंड के धनबाद जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला प्रशासन द्वारा स्पेशल ड्राइव के तहत आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य वाहनों की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था।

धनबाद जिला प्रशासन ने मेमको मोड़ चौक पर विभिन्न पुलिस टीमों को संयुक्त रूप से काम करते हुए वाहनों की जांच की। इस अभियान में ट्रैफिक नियमों के पालन की भी जांच की गई और अनियमितताओं पर कार्रवाई की गई। विशेष रूप से उन वाहनों पर ध्यान दिया गया जो सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर रहे थे या फिर जो अनियमित ढंग से चल रहे थे।

इस अभियान में धनबाद जिला पुलिस ने तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए वाहनों की जांच की, जैसे कि रडार गन, एल्कोहल टेस्टर्स, और अन्य उपकरण। इसके अलावा, अभियान के दौरान सामान्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूक किया गया और उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

यह वाहन चेकिंग अभियान धनबाद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। धनबाद जिला प्रशासन ने साफ किया कि ऐसे अभियानों से सामाजिक जागरूकता बढ़ती है और सुरक्षा मामलों में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है।

इस अभियान के दौरान धनबाद जिला पुलिस का एक प्रमुख ने कहा, "हमारा उद्देश्य वाहन चेकिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। जनता को यह समझना आवश्यक है कि नियमों का पालन करना ही उनकी सुरक्षा है।" इस अभियान के अंतर्गत, विभिन्न प्रकार के यातायात अपराधों पर भी जांच की गई। जैसे कि अनावश्यक हाई स्पीड, अल्कोहल की मात्रा में अधिकता, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना, और गाड़ी में अन्य नियमों का उल्लंघन करना। ऐसे अपराधों पर कार्रवाई की गई और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि सुरक्षा के मामलों में स्थिरता बनी रहे और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता में सुधार आए।

इस अभियान ने स्थानीय लोगों में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। धनबाद जिला में वाहन चेकिंग अभियान का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहता है ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बनी रहे और अपराधों को कम किया जा सके। इस अभियान के माध्यम से धनबाद जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मामलों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प दिखाया है और लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता जागृत किया ।

# पूर्व सीएम हेमन्त को 5 महीने बाद जेल से बाहर निकलने पर जे एम एम कार्यकर्ताओं ने रणधीर वर्मा चौक पर उड़ाए अबीर गुलाल

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर करीब पांच महीने बाद आ गए हैं, हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थी, बताते चले कि इसी खुशी में पूरे झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में खुशियां मनाई जा रही है धनबाद की बात करें तो धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर जिला अध्यक्ष लखी



सोरेन की अध्यक्षता में जुलूस निकाला गया अबीर गुलाल उड़ाए गए कार्यकर्ताओं ने सड़क में खूब नृत्य किया एवं एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर, पटाखा फोड़ कर बधाइयां दी गई,



झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि सत्य की जीत हुई है जिस जमीन घोटाले को लेकर के नरेंद्र मोदी की सरकार ने उन्हें जेल भेज दिया अब दूध का दूध पानी का पानी हो गया है हेमंत सोरेन के परिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पार्टी को न्यायालय पर अपार विश्वास था जो आज न्यायालय ने उन्हें जेल से बाहर कर दिया है वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मन्नू आलम ने कहा कि तानाशाही नहीं चली अंततः न्याय की जीत हुई है और आने वाले विधानसभा में हम लोग अब झारखंड में पूर्ण बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे, उक्त अवसर पर देबू महतो, नीलम मिश्रा, आकाश रवानी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे.

## सत्य परेशान हो सकता है पराजय नहीं : देबू महतो



पोलिट लाइव रिपोर्टर

झामुमो वरीय नेता देबू महतो ने ईडी द्वारा झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को बगैर सबूत के झुका मुकदमा दर्ज कर जनवरी से जेल में रखने की अथक प्रयासों को उच्च न्यायलय ने समझा अन्ततः श्री सोरेन को न्याय मिला। ईडी के कार्यकलाप से आम जनमानस में विश्वास घटा एक बार फिर झामुमो आन्दोलन उपज की पार्टी बनकर कार्यकर्ताओं ने दिखाए उन्होने बताया कि इतनी लंबी समय तक अपने चहेते नेता से दुर रहकर भी कार्यकर्ता सद्द संयम का परिचय दिया है श्री महतो ने बताया कि सत्य परेशान हो सकता है पराजय नहीं जब जब पार्टी के शीर्ष नेता पर षड्यंत्र रची गई तब तब पार्टी मजबूत होकर उभरी है न्याय प्रणाली पर झामुमो परिवार को पुरा भरोसा था|

# जादूगर शंकर सम्राट क़े शो का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : मोबाईल क़े युग में जादूगर शंकर सम्राट का मनोरंजक, अजूबा, हंसी फुहार क़े साथ लाइव शो जादू का शुभारंभ विधायक राज सिन्हा ने रे टॉकिंज में दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, उक्त अवसर पर विधायक ने कहा की आज क़े क्रांति युग में मोबाईल पर सब कुछ उपलब्ध है लेकिन उसके बाद भी लाइव शो आयोजित करना भी हिम्मत की बात है की अपने पर विश्वास है की लोगो को अपने जादू की कला को दिखाने में आकृषित कर लेंगे.. ओर सच में कोरोना बाद एक मौका है जो परिवार क़े संग बैठ कर शो का आनंद ले सके.. पहले दिन पहले उद्घाटन शो में विख्यात जादूगर शंकर सम्राट ने एक से बढ़ कर एक जादू लोगो को दिखया, दर्शक मन्त्रमुग्ध हुए.



# उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक

- बीसीसीएल के पदाधिकारियों को शिफ्टिंग में तेजी लाने हेतु किया गया निर्देशिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा, मूलभूत सुविधाएं समेत अन्य बिंदुओं पर की गई विस्तृत चर्चा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई।

इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति एवं पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुए कार्य की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी एवं बीसीसीएल पदाधिकारी से ली। इस दौरान जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुनर्वास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं पर हुए प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जेआरडीए पदाधिकारी ने टाउनशिप हेतु हाउस अलॉटमेंट, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय निर्माण, सड़क निर्माण, ट्रांसपोर्ट की सुविधा, रोजगार हेतु व्यवस्था, राशनकार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्किल डेवलपमेंट, एलटीएच के दस्तावेज जांच, बच्चो को खेलकूद में बढ़ावा देते हेतु व्यवस्था, फेज वार पानी एवं बिजली की व्यवस्था, बैंक एवं एटीएम की सुविधा, पोस्ट आफिस की सुविधा, इंटरनेट की बेहतर सुविधा, पौधरोपण, आधार निर्माण की सुविधा समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से संबंधित आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त द्वारा सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को शिफ्टिंग में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि कई लाभुकों के एक से अधिक एरिया साइट में नाम है उनके डुप्लीकेसी को चिन्हित कर संशोधित डाटा तैयार करें। टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु एचएससी, जन औषधि केंद्र खोलने को लेकर सिविल सर्जन को आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वहीं शिक्षा पदाधिकारी को टाउनशिप में प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय खोलने हेतु विभाग के नियम अनुरूप कार्य करने को कहा गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र खोलने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सर्वे कराकर आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। टाउनशिप एरिया में स्किल डेवलपमेंट से संबंधित कार्य हेतु डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देशित किया गया। रोजगार सृजन हेतु, बच्चों को स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध कराकर बेहतर भविष्य हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश उपायुक्त द्वारा दिये गए। वहीं पलानी से बलियापुर रोड हेतु एवं कनेक्टिंग रोड हेतु आरईओ के पदाधिकारी को एस्टिमेट तैयार करने हेतु कहा गया। वही आधार कार्ड निर्माण हेतु डीपीओ यूआईडी को कैम्प लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बीसीसीएल के पदाधिकारी, बैंक के पदाधिकारी, जेआरडीए के पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिला कौशल समिति (डीएससी) कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : उपायुक्त कार्यालय सभागार में उप विकास आयुक्त- सह – जिला परिषद् कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति (DSC) की बैठक हुई। जिसमे जिला में चल रहे कौशल प्रशिक्षण की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष के लिये जिला कौशल विकास योजना (DSDP) का प्रारूप तैयार करने हेतु सभी विभागों के साथ चर्चा की गयी एवं सभी विभागों को निदेश दिया गया कि अपने – अपने विभाग में कौशल प्रशिक्षण से सम्बन्धित ट्रेडस (जॉब रोल) मुहैया करायेंगे तथा DSDP में जो भी ट्रेडस में प्रशिक्षण दिया जायेगा वह धनबाद के युवक-युवतियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने में सक्षम हो या स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बना सके।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त सदात अनवर , सहायक श्रमायुक्त- सह – जिला कौशल पदाधिकारी रंजीत कुमार, जिला उद्योग पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद , जिला नियोजन पदाधिकारी आनन्द कुमार , अन्य विभाग के पदाधिकारी तथा जिला कौशल समन्वयक आशीष कुमार एवं सभी जिला के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के संचालक उपस्थित थे।

## धनबाद विधायक राज सिन्हा ने 50,000 आम ग्रामीण के घोर जल संकट, समाधान हेतु डीडीसी से मिले

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : विधायक राज सिन्हा ने "गोपीनाथडिह ग्रामीण जलापूर्ति योजना" के पिछले 25 दिनों से पंप के खराब होने के कारण पाँच पंचायत दुबराजडीह, दक्षिण पांडरकनाली, गोपिनाथडीह, शमशिखरापेटिया एवं बरडूबी के लगभग 50000 आम ग्रामीण घोर जल संकट से प्रभावित हैं। ग्रामीणों की सूचना पर फौरन विधायक गोपीनाथडिह पहुंचे एवं "गोपीनाथडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना" पंप हाउस का निरीक्षण कर समस्या से अवगत हुए। इस भीषण गर्मी में इतनी बड़ी आबादी को पानी से वंचित किये जाने पे एवम असनवेदंशील संबंधित पदाधिकारियों पे बिफर पड़े। साथ ही धनबाद शहर से सटे नावाडीह पंचायत के अंतर्गत नंदन रेसिडेन्सी एवम आस पास के घर जलमग्न होने की समस्या का स्थायी समाधान हेतु वहाँ के मुखिया गण एवम पीड़ित लोगों के साथ धनबाद के उप विकास



आयुक्त सादत अनवर से मिले।धनबाद विधायक राज सिन्हा ने उप विकास आयुक्त को "गोपीनाथडीह जलापूर्ति योजना" के दोनों पंप के पिछले २५ दिनों से खराब पड़े रहने के कारण 50000 से ज्यादा की आबादी के घोर जलसंकट से त्रस्त रहने की बाबत जानकारी दी एवम मामले की गंभीरता को बताया। विधायक श्री सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों कहा कि, क्षेत्र की जनता जल संकट झूझ रही है इससे यही प्रतीत होता है जैसे झारखंड की सरकार असनवेदंशील है उसी प्रकार धनबाद के प्रसाशनिक पदाधिकारियों को भी आम जन मानस की कोई चिंता नही परंतु मैं यह रवैया बिल्कुल बर्दास्त नही करूँगा। उप विकास आयुक्त ने तत्काल पेयजल एवम स्वछता विभाग के कार्यपालक अभियंता को बुलाया एवम तत्काल पंप दुरुस्त कर सभी प्रभावीत पंचायतों में जल आपूर्ति सुचारु रूप से चले यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया। इस पर विधायक श्री सिन्हा ने विभाग को रविवार तक का अल्टीमेटम दिया, उन्होंने कहा कि, रविवार 30/06/2024 तक अगर जल आपूर्ति शुरू नही हुई तो सोमवार को ग्रामीणों के हित में आंदोलन को बाध्य होंगे।

## सत्य की हुई जीत, हेमन्त सोरेन जेल से छूटे - अमितेश सहाय

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भाजपा के षड्यंत्र के बावजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था । आखिरकार सत्य की जीत हुई और झारखंड का शेर हेमंत सोरेन जेल से छूट गए. पिछले साढ़े चार साल में हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड ने विकास की नई ऊंचाई को छूना शुरु किया था. जिससे घबरा कर भाजपा के झूठे आरोप में हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया. हेमंत ने जेल जाना स्वीकार किया पर भाजपा के षड्यंत्र के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया. पांच महीने बाद उच्च न्यायालय ने यह कहते हुए जमानत मंजूर किया कि पूर्व सीएम के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला. सत्य परेशान हो सकता है लेकिन कभी पराजित नहीं होता. आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अगुवाई में झामुमो दो तिहाई बहुमत से जीत हासिल करेगी.

SHRI GOVIND HOSPITAL
ORTHO & GYNAE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
An ISO 9001:2015 Certified Hospital
डॉ.प्रसून आनन्द
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (आर्थो),
हड्डी,जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.श्वेता शची
एम.बी.बी.एस, डी.जी.ओ..
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
- सभी प्रकार के फैक्चर सर्जरी (कम्प्युटराईड CARM मशीन द्वारा)
- जोड़ प्रत्यारोपण (Joint Replacement)
- दूरबीन द्वारा घुटने एवं कंधे की सर्जरी
- रीढ़ की हड्डी के रोग गठिया वात रोग
- खेल कूद में लगने वाली चोट का विशेष ईलाज ।
- नस रोग संबंधित रोगो का ईलाज ।
- ऑर्थोस्कोपी सर्जरी ।
सुविधाएं
- नार्मल डिलिवरी
- सिजेरियन डिलिवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा सर्जरी
- बांझपन का ईलाज परिवार नियोजन परामर्श
+91 90608 68957
पता-रंगडीह मोड़,नगर किआरी रोड़, गोविन्दपुर,धनबाद-828109

CONTACT FOR ADMISSION ( Boys & Girls )
Courses -
- B.TECH ( C.S./MECH./ELEC.)
- HOTEL MANAGEMENT ( Diploma /Degree )
- B.B.A. / B.B.A. LOGISTIC
- ITI WITH JOB
- BCA / MCA / DCA / PGDCA / MBA / BA / MA / Ph.D./ B.Ed
- Matric & Intermediate from Open School
- Also Contact for Other Degree & Professional Courses.
Name of Universities
LAMRIN TECH SKILLS UNIVERSITY PUNJAB
MEDHAVI SKILLS UNIVERSITY
ASIAN INTERNATIONAL UNIVERSITY
UTTRAKHAND STATE OPEN SCHOOL
UDDYIAN CONSULTANCY SERVICES
Behind Guru Kripa Showroom, Shanti Colony, Steel Gate, Dhanbad
Mob. : 9304062074, 9431311654

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की खुशी में सिंदरी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने रोहड़ाबांध में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की खुशी में आज सिंदरी में संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से सिंदरी के रोहड़ाबांध में आतिशबाजी की गई एवं मिठाई बांटी गई।

मोर्चा के संयोजक रामू मंडल ने कहा कि भाजपा जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर राजनैतिक विद्वेष से निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, किंतु जांच के नाम पर कुछ नहीं मिला है। सत्य को परेशान किया जा सकता है, किंतु पराजित नहीं किया जा सकता है। न्याय की जीत निश्चित है।

कार्यक्रम में झामुमों धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, सिंदरी नगर अध्यक्ष अशोक महतो, सचिव फागु प्रमाणिक, सीपीआई(एम) के नेता विकास कुमार ठाकुर,गौतम प्रसाद, कांग्रेस के अजय कुमार,भाकपा (माले) नेता कृष्णा प्रसाद महतो, विमल रवानी, राजद के नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, रोहित मंडल, नाजु सिंह,उमेश राम, इम्तियाज अहमद, बृजेश्वर सिंह, सुनील रवानी, धनंजय पांडे, राकेश कुमार, मुकेश गोरी, विकास मंडल, गुड्डू सिंह, शुभंकर मंडल, आदि उपस्थित थे।



## चांद कुइया पंचायत में पानी समस्या समाधान के लिए विभाग के जूनियर इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा: चांद कुइया पंचायत में पानी की समस्या के समाधान के लिए मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह ने विभाग के जूनियर इंजीनियर संतोष कुमार प्लांट इंचार्ज नवीन कुमार सिंह वार्ड सदस्य अमित महतो के साथ भागरमपुर गोलमारा चांद कुइयां आदि जगहों का निरीक्षण किया जिस बस्ती में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है किस कारण से नहीं हो रही है उसकी जानकारी ली भागरामपुर की ओर से पाइपलाइन बिछाकर बस्ती में पानी देने का बात कही गई है । मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि हम लोगों ने जनता के साथ जो वादा किया वह पूरा कर रहे हैं हमारा उद्देश्य है सभी को नल जल का पानी मिले जूनियर इंजीनियर ने आश्वासन दिया है कि दूसरे मार्ग से पाइपलाइन लाया जाएगा ताकि लोगों को पानी मिल सके इसके अलावा भागरमपुर के लाल बंद तलाव के सोंधीकरण को लेकर बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्ण रमैया से भी मिलकर मुखिया प्रतिनिधि ने बात की उन्होंने आश्वासन दिया कि बीसीसीएल की ओर से जो भी सहायता होगा करेंगे। मुखिया प्रतिनिधि के साथ प्राण राय बजरंगी रजवार मुकेश महतो जीपित सिंह आदि लोग थे।

## भाजपा के आगामी कार्यक्रम को सफल बनानें के लिए भाजपा सिंदरी नगर की बैठक रोडाबांध कार्यालय में संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: भाजपा सिंदरी नगर कीं एक बैठक रोडाबांध कार्यालय में नगर महामंत्री के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे मुख्य रूप से नगर प्रभारी संतलाल प्रमाणिक उपस्थित थे ।

बैठक को संबोधित करते हुए नगर प्रभारी संतलाल प्रमाणिक ने कहा कि भाजपा के आगामी कार्यक्रम को सफल बनानें के लिए आज शुक्रवार को हुई बैठक बहुत हीं महत्वपूर्ण है । एक पेड़ अपनी मां के नाम पर बूथ स्तर पर लगानी है जिससे पर्यावरण सुरक्षित हो । वोटर लिस्ट में जिन हिंदुओं का नाम छूट गया है,उसको भी जुड़वाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को करना है । आगामी 30 जून को मन की बात कार्यक्रम है जिसे बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओ को सुनना है । सांसद ढुल्लू महतो जी का सिंदरी में कार्यक्रम और उनका भव्य स्वागत के लिए कार्यकर्त्ताओं को आज से हीं लग जाने की जरूरत है ।

दिल्ली से लौटने के बाद उनका कार्यक्रम मिलते हीं सभी को सूचित कर दिया जाएगा ।

इस बैठक में मुख्य रूप से राकेश तिवारी,प्रकाश बाउरी, ब्रिजेश सिंह, सुमन चौधरी, रंजना शर्मा, गणपति बाउरी, अणिमा सिंह, सुशांत महतो, रामजी सिंह,संजय महतो,राघव तिवारी, ज्ञानमोहन सिंह,अमरेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, सुनीता घोष, कुमार राजेश, सत्येंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## तिसरा थाना प्रभारी सूचना के आधार पर गोलडेन पहाड़ी से अवैध शराब जप्त कर अरविंद साव को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर गोलडेन पहाड़ी से 26 पीस बियर का बोतल तीन पीस व्हिस्की एवं महुआ शराब के साथ अरविंद कुमार साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि काफी दिनों से इसके बारे में जानकारी मिल रही थी कि अपने घर में अवैध शराब बेचने का काम करता है इसी को लेकर टीम गठित किया गया और सूचना के आधार पर छापामारी कर पकड़ा गया । उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर शराब का अवैध कारोबार नहीं चलने देंगे चाहे जो भी हो जनता हमें सूचना करें हम तुरंत कार्रवाई करेंगे|



# संयुक्त मोर्चा के लोगों ने नॉर्थ तीसरा परियोजना कार्यालय में प्रदर्शन कर 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : एमडीओ मोड लाकर प्रबंधन नॉर्थ साउथ जिन गोरा डिपार्टमेंटल परियोजना को बंद करना चाहती हम लोग इसके खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ेंगे उक्त बातें संयुक्त मोर्चा के लोगों ने नॉर्थ तीसरा परियोजना कार्यालय में प्रदर्शन कर कहीं। प्रदर्शन के बाद 8 सूत्री मांग पत्र परियोजना पदाधिकारी को सौंपा गया।

कहां की प्रबंधन के मंशा सही नहीं है केवल आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने के लिए यह सब किया जा रहा है पूर्व में जब 41 दिन यहां के मजदूरों ने धरना दिया तो बताया गया था कि डिपार्टमेंटल परियोजना बंद नहीं होगी कोई भी काम करने से पहले श्रमिक प्रतिनिधियों से वार्ता की जाएगी लेकिन वैसा नहीं किया जा रहा है आज साउथ तीसरा वर्कशॉप को ओवर वार्डन पत्थर डालकर बंद करने की साजिश रची जा रही है रैयत ग्रामीण के साथ भी न्याय नहीं हो रहा है नॉर्थ तीसरा से कुजामा जाने वाली सड़क को बंद कर दिया गया बेल धौरा एवं आसपास के लोगों को जबरन विस्थापित किया जा रहा है डिपार्टमेंटल परियोजना चलाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। मांग पत्र के माध्यम से प्रबंधन से संयुक्त मोर्चा मांग करती है कि विचार नहीं किया गया तो और भी जोरदार आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाब दे ही प्रबंधन की होगी। मौके पर मनोज कुमार पासवान धर्मेंद्र राय सुजीत कुमार मंडल महेंद्र देव फागुनापित उज्जवल कुमार दे श्री राम गोराई विनोद कुमार पासवान अवनी कुमार महतो योगेश यादव गणेश पासवान, योगेंद्र हजरा आदि लोग थे।



## हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर पूरे झारखंड में खुशी की लहर- ब्रजेंद्र सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर



झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत दिए जाने की खबर पूरे झारखंड में गांव से लेकर शहर तक आग की तरह फैल गया और झारखंड के लोगों में बहुत ही खुशी का माहौल है जमानत मिलने का जैसे ही समाचार आया महागठबंधन के साथ-साथ झारखंड के जनता ने भी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दिया धनबाद में भी जगह-जगह पर खुशी का माहौल देखा गया और मिलकर एक दूसरे को बधाइयां देते दिखे हेमंत सोरेन के जमानत मिलना बहुत बड़ी बात नहीं है लेकिन यह लोकतंत्र की जीत हुई है बिना किसी कारण के मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए जबरन गिरफ्तार करना यह संविधान की हत्या के बराबर है बिना सबूत के पांच महीना जेल में रखना यही तो संविधान की हत्या करना बताया जाता है और उसी की रक्षा के लिए आज पूरे देश में महागठबंधन संविधान बचाने में लगा है और सड़क से संसद तक यह जारी रहेगा हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर जिला बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह राशिद राजा अंसारी मदन महतो नवनीत नीरज मनोज यादव जोगिंदर सिंह जोगी अनिल शाह राजेश्वर सिंह यादव सहित सैकड़ों लोगों ने खुशी व्यक्त किया।

## भू अधिग्रहण, राजस्व, पुनर्वास के विवादों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आज

**▸ झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, बीसीसीएल सीएमडी , डीसी , एसएसपी , डीआरएम समेत सभी विभाग के अधिकारी करेंगे कार्यक्रम में शिरकत**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बीसीसीएल सामुदायिक भवन कोयला नगर धनबाद मे 29 जून 24 को एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण, पुनर्वास से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है! जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने बीसीसीएल सामुदायिक भवन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बाबत जानकारी देते हुए प्रधान जिला जज ने बताया कि शनिवार के सुबह 11:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश आनंदा सेन, उपायुक्त, एसएसपी धनबाद ,बीसीसीएल सीएमडी, निदेशक फाइनेंस , डीआरएम रेलवे, नेशनल हाईवे के डायरेक्टर, डीएफओ धनबाद , टाटा, ईसीएल, सीसीएल व विभिन्न विभागों के पदधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महासचिव समेत अधिवक्ता व वादकारी उपस्थित रहेंगे।

## धनबाद रोटी बैंक के अनूप वर्मा जिन्दगी और मौत से लड़ रहे सिद्धार्थ के लिए बने जीवन रक्षक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : एसएनएमएमसीच में भर्ती हाइपो अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित और जिंदगी एवं मौत से जूझ रहे सिद्धार्थ के लिए आज रोटी बैंक युथ क्लब के कर्म्रवीर यौद्धा ओर सक्रिय सदस्य अनूप वर्मा ए पॉजिटिव एसडीपी ब्लड ग्रुप के पीड़ित मरीज़ के लिए रक्तदान किया। एफेरेसिस सेल सेपरेटर की मदद से उनके रक्त से प्राप्त प्लेटलेट्स को सिद्धार्थ को चढ़ाया गया। सिद्धार्थ के लिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की कई दिनों से तलाश की जा रही थी। 14 रक्तदाताओं को रिजेक्ट करने के बाद कल एक यूनिट नवीन ने एसएनएमएमसीच रक्तदान किया और रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर के जब इस केस के बारे मे पता चला तो आज रोटी बैक के सदस्य अनूप वर्मा से संपर्क कर के आज एसएनएमएमसीच रक्तदान किया,अनूप ने बताये की सभी लोग सिद्धार्थ के लिए आगे आये,आज पहली बार मुझे डोनेट कर के मुझे अच्छा लगा,डोनेट करने से कुछ नही होता है लोग को जागरूप करने के जरूरत है, सिद्धार्थ की जिंदगी बचाने के लिए अंकित राजगढ़िया पिछले 13 दिन से लगे हुए वह प्रतिदिन 12 से शाम 4 बजे सिद्धार्थ के साथ रहते है अंकित ने बताया कि सिद्धार्थ के 16 डोनर मे 2 डोनर एसडीपी के लिए ही पास हो पाया एक यूनिट एसडीपी के जांच का चार्ज 9500 रुपया भी अंकित ने प्रबंधन से माफ कराया है, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर ऋषभ राज और अंकित राजगढ़िया रूप से ऋषभ राज उपस्थित थे.

## वार्ड 54 के डोमगढ़ सिटी कॉलनी में बनाएं जा रहे पीसीसी सडक निर्माण कार्य में भारी अनियमित्ता बर्ती जा रही हैं



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: धनबाद नगर निगम के सिंदरी अंचल अंतर्गत वार्ड 54 के डोमगढ़ सिटी कॉलनी में बनाएं जा रहे पीसीसी सडक निर्माण कार्य में भारी अनियमित्ता बर्ती जा रही हैं।

सड़क निर्माण कार्य की निधारित मानको के अनुसार नहीं किया जारहा है।पीसीसी पथ निर्माण में काले पथर की गिट्टी,बराकर की बालू,सीमेंट का उपयोग कर बनाना है लेकिन संबेदक के द्वारा निर्धारित मात्रा में सीमेंट उपयोग नहीं किया जाता है एवं स्थानीय दामोदर नदी घाट का मिट्टी युक्त बालू का उपयोग खुलेआम निडर होकर सहायक अभियंता नगर निगम के कृपा से किया जा है, स्थानीय लोग द्वारा ठेकेदार से सही मात्रा में सीमेंट, अच्छे बालू,गिट्टी का उपयोग करने को कहने पर ठिकेदार कहता है कि आपलोगों को जहां सिकायत करना हैं किजिए हम दामोदर एवं बडाकर नदी के बालू को मिलाकर ही बनाएंगे।

# पूर्वी टुंडी क़े कुरकुटाँड जाहेर थान ग्राम पुजा में आदिवासी समाज के सैकडो लोग हुए शामिल





पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी: पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत गांव कुरकुटाँड स्थित जाहेर थान में ग्राम पुजा में आदिवासी समाज के सैकडो लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो,शामिल हुए। स्थानीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बीपीन दा,तथा बीस सूत्री अध्यक्ष,ने इस अवसर पर ढोलक बजा कर खूब थिरकते नजर आए। पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार धार्मिक आयोजन में नाचते गाते महिला, पुरूष ,ने धार्मिक अनुष्ठान को धूमधाम से मनाया। मौके पर मुख्य रूप से शामिल हुए बीस सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष नरेश मुर्मु,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, पंचायत समिति सदस्य शिवशंकर मुर्मु, बिपिन दाँ, ग्राम प्रधान सुखिन मरांडी, लखिराम मरांडी, बलदेव मरांडी,बाबूश्वर सोरेन, राजेश सोरेन आदि शामिल हुए।

# गंभीर बीमारी से जूझ रहा है तिसरा के पत्रकार दीपक कुमार दुबे को आर्थिक मदद की जरूरत


पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा : गंभीर बीमारी से जूझ रहा है तिसरा क्षेत्र के पत्रकार दीपक कुमार दुबे को आर्थिक मदद की जरूरत है। बीमारी ठीक होने में 40 लाख रुपए की जरूरत है जो दीपक दुबे एवं उनके परिवार के लिए संभव नहीं है। गंभीर बीमारी की समाचार सुनकर जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण पाठक चांद कुइया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह, क्षेत्रीय सचिव अक्षय यादव ,अभिषेक परमार ,जितेंद्र पासवान उनके आवास पहुंचकर हर संभव मदद की बात कही। मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह ने पंचायत के सभी लोगों एवं मुखिया संघ से आग्रह किया है कि इनकी मदद के लिए आगे आए। बताते हैं कि पत्रकार दीपक पिछले 3 सालों से बीमारी से जूझ रहा है पहले लिवर जोंडिस होने की बात बताई गई थी इसी क्रम में इलाज के लिए पटना, लखनऊ पीजीआई, दिल्ली, वेल्लोर तक चक्कर लगा चुके। अंत में ए आई जी अस्पताल हैदराबाद गए जहां डॉक्टर ने लिवर ट्रांसप्लांट करने की बात कही है डॉक्टर ने बताया कि उनका लिवर 80% खराब हो चुका है जो जल्द बदली नहीं किया गया तो जान पर आफत आ सकती है। दीपक दुबे की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है सप्ताह में काफी रुपए दवा के रूप में लग रहा है। देखने पहुंचे रामकृष्ण पाठक मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस संबंध में झरिया के विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को अवगत कराया गया है सरकार से जो भी सहयोग होगा कराया जाएगा इसके अलावा अपने स्तर से आर्थिक मदद की बात कही है सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से भी बात करने की बात कही गई है। पत्रकार ने जिले के तमाम पत्रकार संगठन समाजसेवी बुद्धिजीवी सामाजिक संगठन एवं आम लोगों से अपील की है इस मुसीबत की घड़ी में मदद करें ताकि उनका जान बचाई जा सके। दीपक दुबे के परिवार में उनकी माता भाई पत्नी एवं एक बच्ची है पत्नी प्रीति कुमारी लिवर देने को तैयार है। फिलहाल पत्रकार जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## जन्म दिवस पर शुभकामनायें

पोलिट लाइव रिपोर्टर



अंश कुमार मंडल का जन्मदिन पर पोलिट लाइव की ओर से बहुत बहुत शुभकामनायें, अंश की उम्र 6 वर्ष छात्र ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल यूकेजी का स्टूडेंट.

## गोड्डा जिला महागामा अनुमंडल क्षेत्र में हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर उत्साह और अबीर गुलाल के साथ खेले होली



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत के बाद महागठबंधन कार्यकर्ताओं में उत्साह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह एवं सैकड़ों समर्थकों ने महागामा बसुआ चौक पर रंग गुलाल, आतिशबाज़ी एवं मिठाई बांटकर मनाया जश्न।

## हेमंत को जमानत मिलने की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने खुशी में फोड़े पटाखे, बांटी मिठाईयां



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दिए जाने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गयी। जेल से बाहर आने के बाद कार्यकर्ता पूरे जोश में आ गए है। और एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दे रहे है,वही खुशी के मारे पटाखे भी फोड़ कर खुशी जाहिर कर रहे है।

## बरोरा पुलिस ने लोडेड देशी कट्टा व ज़िंदा कारतूस लेकर घूम रहे युवक को धर दबोचा

### बाघमारा एसडीपीओ ने प्रेस को दी जानकारी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिजुआ/कतरास : सिजुआ स्थित आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर बताया कि धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अपने कमर में हथियार लेकर घूम रहा है वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है, जिसकी सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई करने हेतु वरीय पदाधिकारियों के आदेशानुसार थाना स्तर से त्वरित एक टीम गठित कर फुलारी टांड डेको कंपनी के पास से छापेमारी कर 30 वर्षीय न्यू डुमरा बरोरा थाना निवासी किशुन महतो उर्फ कारु महतो को लोडेड देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा गया , फिर बरोरा थाना कांड संख्या 31/24 ,आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-B)(a)26 के तहत मामला दर्ज कर युवक को न्यायालय के सुपुर्द किया गया । वही छापेमारी दल में पुअनि सह बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार,पुअनि अभिषेक कुमार तिवारी ,सअनि शिवनारायण टोप्पो,सअनि सत्येन्द्र प्रजापति,हवलदार सुधु सिंह मुंडा,हवालदार अजय कुमार आदि लोग थे।

## झरिया बस्ताकोला में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गया जेल



पोलिट लाइव रिपोर्टर

झरिया : झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. पीड़ित की मां ने दुष्कर्म का आरोप मोहल्ले में ही रहने वाले कुलदीप वर्मा पर लगाया है. महिला ने झरिया थाना पहुंच कर कुलदीप के खिलाफ लिखित शिकायत की. पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया. थाने में दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि पड़ोस में रहने वाले कुलदीप ने उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसे धनसार के समीप एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया. झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने कहा कि शिकायत मिलते ही आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया गया है. नाबालिग की मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी।

## गोविंदपुर पुलिस ने 12 घंटे के अंदर रतनपुर से चोरी गई ट्रक को बरामद करने में सफलता पाई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : गोविंदपुर पुलिस ने 12 घंटे के अंदर रतनपुर से चोरी गई ट्रक को बरामद करने में सफलता पाई है । रतनपुर निवासी श्रीकांत भगत की ट्रक संख्या एन एल 01 के 2599 की चोरी गुरुवार को आरएस मोर कॉलेज के निकट जीटी रोड के सर्विस लेन से हो गई थी। इस संबंध में श्रीकांत भगत ने गुरुवार दिन 10:00 बजे गोविंदपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में कई पुलिस अधिकारी ट्रक की खोजबीन में लग गए। जीटी रोड निरसा टुंडी रोड बलियापुर रोड आदि में पुलिस ने छानबीन की। गुरुवार रात 10:00 बजे के आसपास पुलिस ने बलियापुर सिंदरी रोड में उक्त ट्रक को बरामद किया। हालांकि पुलिस को देखते ही अपराधी भाग निकले। श्रीकांत भगत ने प्राथमिकी में लिखा है कि उनका ड्राइवर धरनी मंडल पिछले 4 वर्षों से ट्रक चला रहा है। गुरुवार सुबह आरएस मोर कॉलेज के निकट जीटी रोड के सर्विस लेन पर ट्रक को खड़ी कर वह अपना घर देवली चला गया था । कुछ देर बाद लौटने पर उसने ट्रक को गायब पाया। इसके बाद उसने अपने मालिक को इसकी सूचना दी। इसके बाद श्रीकांत भगत गोविंदपुर थाना पहुंचे और इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई।प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस रेस हो गई और ट्रक को बरामद कर लिया । ट्रक में जीपीएस लगा हुआ था परंतु 18 दिन पहले ही उसका एयरटेल का रिचार्ज समाप्त हो गया था। हालांकि अपराधी ट्रक का टायर और बैटरी चुराने में सफल रहे। इस संबंध में गोविंदपुर पुलिस ने भादवि की धारा 379, 411 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की छानबीन एएसआई दिलीप कुमार सिंह कर रहे हैं।